एस0एन0डी0 2015-16

वित्तीय स्वीकृति (आयोजनागत)

संख्या-97/2015/734/एक-5-2015-25/2015

प्रेषक,

गिरीश चन्द्र,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0
लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-5 **लखनऊः दिनांक 09 जून, 2015**

विषयः-प्रदेश के राजस्व भवनों के विभिन्न अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 के पत्र संख्या-141/12(भवन)-25/2015, दिनांक 16 अप्रैल, 2015 के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-371/एक-5-2015-25/2015, दिनांक 28 मार्च, 2015 संलग्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार राजस्व भवनों के विभिन्न अनावासीय निर्माण कार्यों के नाम के सम्मुख अंकित कार्यों की लागत, जिसका कुल योग रू0 रू0 160.84 लाख है, के आधार पर प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करते हुए कुल रू0 160.84 लाख (रूपये एक करोड़ साठ लाख चौरासी हजार मात्र) की सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त की गयी थी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में शासनादेश संख्या-371/एक-5-2015-25/2015, दिनांक 28 मार्च, 2015 के द्वारा संलग्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार राजस्व भवनों के विभिन्न अनावासीय निर्माण कार्यों हेतु अवमुक्त की गयी रू0 160.84 लाख (रूपये एक करोड़ साठ लाख चौरासी हजार मात्र) की धनराशि कोषागार से आहरित न हो सकी।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्या-371/एक-5-2015-25/2015, दिनांक 28 मार्च, 2015 के द्वारा संलग्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार राजस्व भवनों के विभिन्न अनावासीय निर्माण कार्यों हेतु अवमुक्त की गयी रू0 160.84 लाख की धनराशि कोषागार से आहरित न हो पाने के दृष्टिगत प्रतिपूर्ति हेतु **पुनः राजस्व भवनों के विभिन्न अनावासीय निर्माण कार्यों के नाम के सम्मुख अंकित निर्माण कार्यों हेतु कुल रू0 160.84 लाख (रूपये एक करोड़ साठ लाख चौरासी हजार मात्र)** की धनराशि अवमुक्त कर उक्त प्रयोजन हेतु व्यय किये जाने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं :-

(1) राजस्व परिषद द्वारा उक्त स्वीकृत धनराशि का नियमानुसार आहरण किया जायेगा तथा उक्त धनराशि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था (पैकफेड) को उक्त प्रयोजन हेतु शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2) यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष सम्पन्न कराये गये कार्य की गुणवत्ता निर्धारित मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप कराते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय से उपलब्ध कराया जाय। निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अन्दर पूर्ण भी किया जाय।

(3) राजस्व परिषद द्वारा यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में शासनादेश संख्या-371/एक-5-2015-25/2015, दिनांक 28 मार्च, 2015 के द्वारा संलग्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार राजस्व भवनों के विभिन्न अनावासीय निर्माण कार्यों हेतु अवमुक्त की गयी रू0 160.84 लाख की धनराशि कोषागार से आहरित न हुई हो।

(4) स्वीकृति धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष में ही वित्तीय नियमों के अनुसार तथा वित्तीय हस्तपुस्तिका/बजट मैनुअल के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। मूल स्वीकृति सम्बन्धी शासनादेश में दिये गये दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-50 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-02-प्रदेश के मण्डल/जनपद/तहसीलों के अनावासीय भवनों के नवनिर्माण/विस्तार/पुर्ननिर्माण/सुदृढ़ीकरण एवं भूमि क्रय हेतु एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 के द्वारा दिये गये दिशानिर्देशों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
गिरीश चन्द्र
अनु सचिव।

<u>संख्या-97/2015/734(1)/एक-5-2015-25/2015, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, लखनऊ।
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
5- जिलाधिकारी, इटावा/पीलीभीत/महराजगंज/इलाहाबाद/बस्ती।
6- प्रबंधक निदेशक, पैकफेड/सम्बन्धित परियोजना प्रबंधक।
7- राजस्व अनुभाग-6
8- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,
गिरीश चन्द्र
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-97/2015/734/एक-5-2015-25/2015, दिनांक 09 जून, 2015 का संलग्नक

अनावासीय कार्य

(धनराशि लाख रूपये में)

क्रम सं0	कार्य का नाम	कार्य की लागत	स्वीकृत धनराशि
(1)	(2)	(3)	(4)
1-	जनपद इटावा के कलेक्ट्रेट परिसर में हवालात के पीछे गिरे हुए मालखाना भवन के पुर्ननिर्माण कार्य	31.56	31.56
2-	निर्माणाधीन अनावासीय तहसील भवन पूरनपुर जनपद पीलीभीत के मध्य से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाये जाने के सम्बन्ध में	16.46	16.46
3-	जनपद महराजगंज के राजस्व अभिलेखागार के विस्तारीकरण के सम्बन्ध में।	80.11	80.11
4-	जनपद इलाहाबाद कलेक्ट्रेट के राजस्व अभिलेखालय में अग्निशमन यंत्र एवं पुर्नविद्युतीकरण कार्य	6.47	6.47
5-	जनपद बस्ती की तहसील सदर के भवन का विधिवत मरम्मत एवं परिसर में इण्टरलाकिंग कार्य सहित सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण	26.24	26.24
	योग	**160.84**	**160.84**

(रूपये एक करोड़ साठ लाख चौरासी हजार मात्र)

गिरीश चन्द्र
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।